हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
प्रॉपर्टी भूमि
साकार होगा सपना
घर हो अपना...





बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

## डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर की नई पेशकश

PCGRERA080524001773

# चितवन फार्म हाउस दे रहा है स्वच्छ वातावरण में प्रकृति के बीच रहने का अहसास

**बिलासपुर। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने एक नई पेशकश की शुरुआत की है। इसके तहत डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर चितवन फार्म हाउस में लोगों को प्रकृति के बीच रहने का एहसास दिला रहा है।**

गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट ने चितवन फार्म हाउस की नई सौगात शहरवासियों को देने की शुरुआत की है, जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सकें। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है, जिसकी नेशनल रोड से जुड़े होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना पहचाना और विश्वसनीय नाम है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वसनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरुआत की जा रही है, जहां योगा, मोडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वीमिंग पूल, बास्केटबाल व बैडमिंटन कोर्ट, फाइव ए साईड फुटबाल, फाइव ए साइड क्रिकेट, पिकनिक स्पॉट, मंदिर, 24 घंटे बिजली एवं पानी सप्लाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिक्यूरिटी, होम मेंटेनेंस एंड मैनेजमेंट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म के एंट्री गेट को भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस है, जो पूरी तरह टीएंडसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एप्रूव्ड है।

DCT Real Estate Developer ®
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO Certified 9001-2015




### आधुनिकता के साथ हरियाली एवं शांत वातावरण

शहर में भीड़भाड़ और पर्यावरण प्रदूषण के कारण ज्यादातर लोग बाहर की कालोनियों में फ्लैट और निवास कर रहे हैं। लोग अपनी छुट्टियां बिताने के लिए परिवार सहित किसी शांत वातावरण में जाना पसंद करते हैं। चितवन फार्म लोगों को इस तरह की सौगात दे रहा है। यहां फार्म हाउस में आधुनिकता के बीच ग्रीनरी एवं शांत वातावरण है, जहां लोग परिवार के साथ वेकेशन पर जा सकते हैं।

### रायपुर रोड में निवेश

वर्तमान में बिलासपुर परिक्षेत्र में निवेश हेतु रायपुर रोड सबसे उपर्युक्त स्थान है इसका कारण बढ़ते हुए क्षेत्र का विकास व भूमि के बढ़ते मूल्य है। आज से 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने इस मार्ग में निवेश किया था आज उनकी भूमि की कीमत तीन से चार गुना बढ़ चुकी है। सर्किल रेट में भी वृद्धि क्षेत्र की हुई है। आज सबसे अधिक रिहायसी कॉलोनी भी इसी मार्ग में आते हैं।

### डेमो रेडी बुकिंग शुरू

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे पर स्थित चितवन फार्म हाउस में 170 से अधिक फार्म हाउस का डेमो रेडी हो चुका है। यह फार्म हाउस लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस फार्म हाउस में लोगों का पहुंचना भी शुरू हो गया है, जहां वीकेंड और अन्य कार्यक्रम के लिए बुकिंग की शुरुआत भी शुरू हो चुकी है।

### सामाजिक और शहरी जीवन का संगम

शहर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा के पास बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे रोड सबसे अधिक व्यस्ततम रोड में से एक हो चुका है।

बिलासपुर के आसपास कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां वीकेंड प्लान करने के लिए लोग जा सकें। लोगों के सपनों को साकार करने के लिए चितवन फार्म एक सामाजिक और शहरी जीवन का संगम है। यहां लोग अपनी पार्टियों को मनाने के अलावा अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी कर सकते हैं।

*चितवन फ़ॉर्म सिर्फ़ एक प्लॉट नहीं यह एक मंजिल है, सपनों की, आपके अपनो की, हर दिन को ख़ास बनाने की, ज़िन्दगी को खुशहाल बनाने की शहर से जुड़ा, पर भीड़-भाड़ से जुदा-एयरपोर्ट, हाईकोर्ट, बस स्टैंड... सब कुछ नज़दीक, फिर भी एकदम शांत, यहाँ हर सुविधा है और आपकी हर खुशी की वजह भी है.*

APPROVED RERA APPROVED APPROVED

### ग्राहकों की संतुष्टि जरूरी



राजेन्द्र सिंह राजपूत
डॉयरेक्टर

डीसीटी के जो भी प्रोजेक्ट शुरू किए जाते हैं, वह सभी रेरा और टीएंडसी से एप्रुवड होते हैं। इन सभी स्थानों पर हरियाली और सड़क, नाली, बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। इससे पहले बिलासपुर वासियों के लिए कृष्णापुरम, गोल्ड फार्म जैसे प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि ग्राहकों अगर संतुष्ट होते हैं तो ही हमारा उद्देश्य पूरा होता है।

## आधुनिक जीवन शैली का समावेश प्रकृति के साथ

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने इससे पहले भी कई प्रोजेक्ट पर कार्य किया है।

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर-रायपुर रोड के पहले कृष्णापुरम आवासीय कालोनी बनाई गई थी, जहां रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसी तरह अब चितवन फार्म हाउस में शानदार तरीके से कार्य किया गया है, जहां शानदार और आकर्षक एंट्री गेट के अलावा समय बिताने के लिए फार्म हाउस एवं स्वीमिंग पुल की भी सुविधा है। यहां लोग स्वीमिंग क्लब का उपयोग करने के साथ लाइफ प्लान कर सकते हैं।






**Contact for Site Visit & Booking : 6264883066, 7470886613**

बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

# लोगों को मिलेंगे किफायती दाम पर फ्लैट्स

साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज की अपार सफलता के बाद लोगों के लिए **मेन्स नमन रेसिडेंसी** एक नई पेशकश की जा रही है, जिसके तहत अशोक नगर में 176 फ्लैट्स का सर्वसुविधा युक्त बहु मंजिला आवासीय परिसर बनाया जा रहा है। इसमें लोग रहने के बाद अपने अधूरे सपनों को पूरा कर सकेंगे। मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स शहर और आसपास के एरिया में शानदार और मजबूत फ्लैट्स का निर्माण कर चुकी है।



## अशोक नगर की नई पहचान

बिलासपुर का भूगोल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहा है जहां पहले शहर केंद्रित था अब शहर आउटर की ओर बढ़ रहा है जिसमें अशोक नगर सरकंडा एरिया सबसे बड़े शहर के रूप में उभर रहा है अब यही विकास की धारा सभी ओर बढ़ चुकी है परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है मेंस नमन रेसिडेंसी बिलासपुर का सबसे तेजी से विकसित हो रहा रियल एस्टेट बन चुका है। साफ सुथरा वातावरण विस्तृत हरियाली चौड़ी सड़के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कभी आउटर कहे जाने वाला इलाका आज बिलासपुर सिटी का नये शहर के रूप में नई पहचान बना रहा है।

## टीएंडसी से एप्रूवड

**मेन्स रेसिडेंसी** में बनाए जा रहे 176 फ्लैट्स की सर्व सुविधायुक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर हैं, जिसमें बनाए गए 1/2 बीएचके एफोर्डेबल फ्लैट्स व अन्य निर्माण कार्य टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा से एप्रुवड हैं। यहां बनाए गए फ्लैट्स का मजबूत निर्माण कार्य किया गया है, जिसे लोगों को किफायती दाम में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें फ्लैट्स लेने वाले लोग कार्यालय में आने के साथ ही आनलाइन रजिट्रेशन कर बुकिंग कर सकते हैं।

यहां लोगों को भी काफी सुविधाएं मिल रही है। सबसे बड़ी बात है कि इन फ्लैट्स को शहर के अंदर बनाया गया है, जिसमें आकर्षक एंट्री गेट के अलावा अन्य सुविधाएं भी दी गई हैं। अब तक मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की ओर से अग्रसेन चौक में साकेत अपार्टमेंट और भारतीय नगर में मेन्स मीडोज़ जैसे फ्लैट्स का भव्य निर्माण किया जा चुका है। इसमें बनाए गए सारे फ्लैट्स बनने से पहले ही बुकिंग किए जा चुके थे। यहां वर्तमान में बनाए गए सारे फ्लैट्स में वर्षों से परिवार निवासरत् है। इसी कड़ी में लोगों के अधूरे सपनों को पूरा करने और प्रापर्टी में निवेश करने वालों के लिए एक नया आवासीय परिसर **मेन्स नमन रेसिडेंसी** बनाया जा रहा है। यह परिसर अशोक नगर पानी टंकी के पास सरकंडा में बन रहा है, जहां करीब 176 फ्लैट्स की सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण हो रहा है।

## सुरक्षा की सारी व्यवस्था

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार अशोक नगर पानी टंकी के पास निर्माणाधीन मेन्स नमन रेसिडेंसी में सुरक्षा की सारी व्यवस्था की गई है। इसमें सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग की सुविधा, परिसर में सीसी रोड, हाई स्पीड लिफ्ट की सुविधा, सातों दिन 24 घंटे पानी की सुविधा, लिफ्ट व कॉमन एरिया में पॉवर ब्रेकअप, परिसर में स्ट्रीट लाईट, पूर्ण विकसित गार्डन व बच्चों के खेलने के उपकरण एवं ड्रेनेज सिस्टम लगाए गए हैं।

## मजबूत निर्माण कार्य

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार पूर्व में निर्माण किए गए साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़ में रहने वाले लोगों का उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है। यहां रहने वाले लोगों को बिजली, पानी, सड़क की सारी सुविधाएं भी दी गई है। इसी तरह एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत मेन्स नमन रेसिडेंसी के रूप अशोक नगर पानी टंकी के पास में की गई है, जिसका मजबूत निर्माण किया जा रहा है।

वर्तमान चित्र




**साकेत अपार्टमेंट** और **मेन्स मीडोज़**
जैसे भव्य निर्माणों की अगली कड़ी

# मेन्स नमन रेसिडेंसी

बेहतरीन लोकेशन | मजबूत निर्माण | सबसे किफायती दाम



साईट पता : अशोक नगर, पानी टंकी के पास सरकण्डा, बिलासपुर

1 & 2 BHK प्रीमियम अपार्टमेंट्स
सिर्फ ₹ 21.50 लाख से शुरु

आसान फायनेंस सुविधा

176 अत्याधुनिक एवं सर्व-सुविधायुक्त फ्लैट्स
24/7 सिक्योरिटी | पावर बैकअप | किड्स प्ले एरिया | गेटेड कम्युनिटी | प्राईम लोकेशन

T&C APPROVED

बुकिंग के लिए हमसे संपर्क करें
9926900549, 9424164567, 9926900536
कार्यालय : मेन्स कंस्ट्रक्शन, कुबेर प्लाजा, प्रथम तल, दुकान नंबर 29-31, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)



# बिलासपुर का क्रॉऊन न्यू टॉउन

ORA MAKERS — Own your real asset.



बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 45 एकड़ में विकसित होने वाला यह भव्य टाउनशिप न केवल रहने की दृष्टि से श्रेष्ठ है, भविष्य में 100 एकड़ तक विकसित होने की संभावना है। बल्कि निवेश के लिए भी एक बेहतरीन अवसर प्रस्तुत करता है। आधुनिक डिजाइन, प्राकृतिक सौंदर्य और सुरक्षित वातावरण से सुसज्जित यह प्रोजेक्ट बिलासपुर की प्रीमियम लाइफस्टाइल को एक नई पहचान देगा।



## प्रोजेक्ट के विज़न पर एक नज़र

टाउनशिप को "भविष्य के शहर" की अवधारणा पर आधारित कर तैयार किया जा रहा है, जहां हर सुविधा पैदल दूरी पर और जीवनशैली अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी। डेवलपर्स का कहना है–"हमारा लक्ष्य सिर्फ मकान देना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर परिवार सुरक्षित, खुशहाल और गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सके।"




## विशेष आकर्षण एवं आधुनिक सुविधाएँ

भव्य प्रवेश द्वार जो शुरुआत में ही प्रोजेक्ट की प्रीमियम क्वालिटी दर्शाता हैखूबसूरत लैंडस्केप गार्डन, फूलों का ज़ोन, फव्वारे और हरियाली से भरा वातावरण बच्चों के लिए सुरक्षित प्ले एरिया, फैमिली बैठने की जगह, और जॉगिंग ट्रैक पूरी टाउनशिप में कंक्रीट सड़कें और सुव्यवस्थित फुटपाथ शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता भव्य मंदिर अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्बाध बिजली के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर और मजबूत इलेक्ट्रिफिकेशन, स्ट्रीट लाइट्स से रोशन संपूर्ण परिसर पर्यावरण संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रजिस्टर्ड सोसाइटी और समर्पित सोसाइटी कार्यालय पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण के लिए 24×7 सुरक्षा व्यवस्था।

## निवेश के लिए सुनहरा अवसर

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि बिलासपुर में तेजी से बढ़ते विकास के कारण यह टाउनशिप भविष्य में अत्यधिक मूल्यवान साबित होगी।बढ़ता शहरप्रमुख लोकेशनों की बढ़ती मांग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट इन कारणों से यह निवेशकों के लिए भी एक शानदार मौका है।



## लोकेशन का बड़ा फायदा

इस प्रोजेक्ट की लोकेशन इसे और भी खास बनाती है। प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के करीब मुख्य बाज़ार और सुविधाओं तक आसान पहुंच शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सुगम कनेक्टिविटी शांत, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण। सभी बातें इसे परिवारों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं।

## क्लब न्यू टाउन – प्रोजेक्ट का दिल

इस टाउनशिप का भव्य क्लबहाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जो हर आयु वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है।यहां की सुविधाएँ जीवनशैली मेंखुशी, आराम, मनोरंजन और वेलनेस का सुंदर संतुलन लाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।


## विश्वसनीय बैंक फाइनेंस की सुविधा


इस विशाल और आधुनिक टाउनशिप को वित्तीय संस्थानों का भी मजबूत सहयोग प्राप्त है। प्रोजेक्ट के लिए देश के तीन प्रमुख बैंक–SBI, HDFC और ICICI Bank–द्वारा होम लोन फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।सरल दस्तावेज़ प्रक्रिया, तेज़ स्वीकृति और आकर्षक ब्याज दरों के साथ यह प्रोजेक्ट निवेशकों व खरीदारों के लिए और भी अधिक सुविधाजनक तथा विश्वसनीय विकल्प बन जाता है।

**निष्कर्ष: यह टाउनशिप केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक भविष्य-सुरक्षित, आत्मनिर्भर और अत्याधुनिक जीवनशैली का प्रतिरूप है। "यह सिर्फ एक घर नहीं एक अनुभव है–जिसे हर कोई अपने नाम करना चाहेगा।"**

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.





WORLD CLASS AMENITIES
A MASTERPIECE BUILT FOR THE MODERN ELITE
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.

A PREMIUM TOWNSHIP OF
2,3,4 & 5 BHK
INDEPENDENT BUNGALOWS & DEVELOPED PLOTS

- Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
- Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages
- Indoor & Outdoor Games – Recreation at your doorstep
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces – Wellness made easy

09893113444/ 9893128333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

# खुशियों का नया पता है अलास्का होम्स

## बिलासपुर में बनाएं अपने सपनों का घर

**बिलासपुर। अगर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने की सोच रहे हैं, तो उनकी खुशियों का नया पता ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। अलास्का होम्स में उन्हें सारी खुशियों के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकती है।**

अलास्का होम्स एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहा है। अगर कोई शहर में अपने सपनों का आशियना बनाना चाहता है तो उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने की जरुरत नहीं है।

अलास्का होम्स बिजौर-बहतराई रोड के बीच में 13 एकड़ के क्षेत्र में रेरा एप्रूव्ड बेहतरीन टाउनशिप शुरू कर रहा है, जिसमें लोग निवेश कर सकते हैं। यह कालोनी पूरी तरह से शासन के नियमों का पालन करते हुए विकसित की जा रही है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर और इंजीनियरों की देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हो रहा है। अलास्का होम्स लोगों की जरूरतों को पूरा करते हुए टीएनसीपी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, जो हरियाली से पूर्ण स्थान पर स्थित है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिसका अलास्का होम्स में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां बनाए गए मकानों की बुकिंग के लिए ग्राहकों की होड़ लग गई है। शीघ्र ही लोग अपने मनपसंद आवास की बुकिंग करा सकते हैं। यह शहर के नजदीक होने के साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल व स्कूल के काफी नजदीक है, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

A Project By
M/s Maa Shanti Construction

### स्वतंत्र आवासीय कालोनी

संचालक अनुराग शुक्ला एवं आनंद सोमावार ने बताया कि अलास्का होम्स में 141 मकानों की स्वतंत्र आवासीय कालोनी है, जिसे आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। रात में स्ट्रीट लाइट पूरी कालोनी में उपलब्ध है। अलास्का होम्स के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा दी जा रही है, जिससे जमीन पर जल संचय अधिक से अधिक होगा। प्रतिवर्ष हजारों लीटर पानी बरसात में अलास्का होम्स के भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयोग किया जा रहा है।



वास्तविक फोटो




**Loan Available in All Nationalized Banks...**

State Bank of India — THE BANKER TO EVERY INDIAN | HDFC HOME LOANS — WITH YOU, RIGHT THROUGH | MEMBER OF CREDAI

### पाइए किराए के घर से आजादी अपने घर की अपनी बात

हर किसी का सपना होता है कि उसका खुद का घर हो। किराए के घर से निकलकर अपना घर लेना-यह सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे बड़ा संतोष है। बिजौर बहतराई रोड पर माँ शांति कंस्ट्रक्शन की एक ऐसी योजना हैं जो इस सपने को पूरा करने में मदद करती हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जब बिल्डर्स और सरकारी एजेंसियां सस्ते ब्याज दरों, लचीली EMI योजनाओं और पार्क, मंदिर जैसी सुविधाओं के साथ प्रोजेक्ट्स लेकर आ रही हैं, तो आम आदमी का सपना सच होता नजर आता है। आज बिलासपुर के कई परिवारों ने पहली बार अपना घर अलास्का होम्स में खरीदा है। "अच्छी नौकरी है, ठीक-ठाक सैलरी है, लेकिन अब भी किराए के घर में रहते हैं-यह वाक्य अब कई लोगों के जीवन से मिटता जा रहा है।

### रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट



अलास्का होम्स के संचालक अनुराग शुक्ला व आनंद सोमवार ने बताया कि बहतराई-बिजौर पर स्थित 13 एकड़ में करीब 141 से अधिक मकान बनाए जा रहे हैं। इस स्वतंत्र आवासीय कालोनी में बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह शहर के करीब होने के साथ-साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल एवं स्कूल के काफी नजदीक है। निर्मित आवासीय परिसर सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त एवं टीएनसी रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है।

### 40 फीट का मुख्य मार्ग



अलास्का होम्स में मकान लेने के बाद रहने वाले लोगों को भी काफी सुविधाएं मिलेगी। बहतराई से बिजौर मार्ग पर बनाए जा रहे इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए कालोनी एंट्री गेट के मुख्य मार्ग को 40 फीट का बनाया गया है। जो कॉलोनी में प्रवेश के लिए सुविधा जनक है और भव्यता का एहसास करता है। वहीं 30 फीट आंतरिक मार्ग कंक्रीट से बनाया गया एक बड़ा सा गार्डन भी स्थित है।

### योग के लिए ग्रीन गार्डन



अलास्का होम्स में निवास करने वाले लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी दी गई है, जिसमें एक भव्य मंदिर के साथ बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, योग के लिए गार्डन, 24 घंटे बिजली पानी की व्यवस्था, अंडरग्राउंड नाली जिसमें मच्छर मक्खियां न आ सकें। अलास्का होम्स के पास ही बिरला पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल और वाटर पार्क भी स्थित है। यहां वर्तमान में 30 से अधिक खुशहाल परिवार निवासरत हैं।

### 10 मीटर की दूरी पर मार्केट



बिजौर से बहतराई के बीच में बनाए गए अलास्का होम्स में आवासीय स्वतंत्र मकान लोगों के बेहतर सुविधा के लिए बनाए गए हैं। अलास्का होम्स से लगा हुआ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, अपोलो हास्पिटल की दूरी 5 से 10 मिनट, बाजार की दूरी 10 मिनट की, रेलवे स्टेशन की दूरी 15 मिनट की, साइंस कालेज, नवीन कन्या महाविद्यालय की दूरी 5 मिनट की है।

**Contact for Site Visit & Booking : 70899-99550, 70499-99550**

4
सीएमपीडीआई एल का दबदबा खत्म, अब निजी कंपनियां भी करेंगी कोयले की खोज



## खबर संक्षेप

### वॉकथॉन आज, नागरिकों से बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील

**कोरबा।** स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 30 नवंबर की सुबह 7 बजे घंटाघर चौक से न्यू कोरबा हॉस्पिटल तक भव्य वॉकथॉन आयोजित किया जाएगा। न्यू कोरबा हॉस्पिटल के ग्रुप निदेशक डॉ. शोभराज चंदानी ने कहा कि स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्ति से होती है। उन्होंने नागरिकों से परिवार सहित वॉकथॉन में शामिल होकर इस मुहिम को मजबूती देने का आग्रह किया। डॉ. चंदानी के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में शारीरिक सक्रियता अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना है। डॉ. चंदानी ने बताया कि वॉकाथन के समापन पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में प्रतिभागियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शुगर, बीपी व जनरल एक्ज़ामिनेशन किया जाएगा।

### आरएसएस चला रहा गृह संपर्क अभियान

**कोरबा।** पंच परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय संदर्भों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गृह संपर्क अभियान कोरबा जिले में 15 नवंबर से संचालित है। नगर से लेकर खंड और मंडल स्तर पर इसका क्रियान्वयन जारी है। बताया गया कि कोरबा नगर के पांच उपनगर के अलावा दीपका और कटघोरा, कोरबा जिले के 6 खंड और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 76 मंडल में इस अभियान को गतिशीलता दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस कार्य को संपादित करने के लिए सैकड़ो टोलियां बनाई है जो अपने काम में प्रतिदिन लगी है। बताया गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष 2025 में पूरे हुए हैं। शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए एक विशेष कार्य योजना बनाई गई है और विभिन्न आयाम पर कार्यों को शुरू किया गया है। सामाजिक जागरण के अंतर्गत पांच परिवर्तन पर विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। व्यापक बदलाव लाने के साथ लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने सरोकारों दिखाने के मामले में जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर में पहुंचकर भारत माता की तस्वीर और संघ से संबंधित संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण साहित्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

### शासी परिसद की बैठक 6 दिसंबर को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन 12 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 4 और आंगनबाड़ी सहायिका के 10 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कटघोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार कटघोरा परियोजना अंतर्गत ग्राम धंवईपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा कमांक 1, ग्राम खोडरी के आंगनबाड़ी केन्द्र खोडरी क्रमांक 2, ग्राम ढपढप के आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्रमांक 1 और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीपका क्रमांक 5 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं। इसी तरह कटघोरा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र केसला, झाबर, रलिया क्रमांक 2, रलिया क्र 3, ग्राम भिलाईबाजार के आंगनबाड़ी केन्द्र ज्योतिषनगर, आंगनबाड़ी केन्द्र तेलसरा क्रमांक 3, हुंकरा, सोनपुरी, नगर पालिका छुरीकला के वार्ड क्र.10 एवं 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र दुर्गा चौक और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 7 के दीपका क्रमांक 6 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं।

# स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए बनी टीम नहीं पहुंच रही स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता व पौष्टिकता की जांच के लिए जिला स्तर पर राज्य शासन के निर्देश पर बनाई गई टीम के द्वारा स्कूलों का किया जाने वाला निरीक्षण फिलहाल बंद है। नए शिक्षण सत्र की शुरुआत के समय अप्रैल महीने में कुछ स्कूलों में इसकी शुरुआत हुई थी उसके बाद से टीम की गतिविधियां बंद पड़ी हुई हैं।

स्कूलों में बच्चों के सेहत व सुरक्षा की योजना अंतर्गत स्कूलों में बन रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता व पौष्टिकता जांचने के लिए जिला स्तर पर टीम बनाई गई थी। उक्त टीम में स्कूल के संकुल प्रभारी एवं खाद्य औषधि सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया था जिनके द्वारा स्कूलों में पहुंचकर यह देखा जाता था कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन किस स्थान में बन रहा है और मीनू के तहत खाद्य सामग्रियों का वितरण हो रहा है या नहीं इसके अलावा भोजन की गुणवत्ता जांचना प्रमुख काम था। टीम के द्वारा अप्रैल महीने में शहर के चुनिंदा स्कूलों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन बनाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया और खाद्य सामग्रियों की जानकारी ली थी उस वक्त यह जानकारी ⏭शेष पेज 3 पर

## अप्रैल महीने से निरीक्षण की हुई थी शुरुआत, तबसे है बंद

**खास बातें**

- मध्यान्ह भोजन के अलावा नाश्ते का भी हो रहा है स्कूलों में वितरण



### स्कूलों में गठित है शाला प्रबंधन समिति

प्राइमरी स्कूल से लेकर मीडिल स्कूल तक शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन किया गया है। इनमें प्राइमरी स्कूल और मीडिल स्कूल में गठित शाला प्रबंधन विकास समिति पर ही मध्यान्ह भोजन के निरीक्षण की भी जिम्मेदारी दे दी गई है। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए टास्क फोर्स टीम का भी गठन किया गया है। जिसके ऊपर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी दी गई है।

### नाश्ते का भी होने लगा है वितरण

मध्यान्ह भोजन के अलावा प्राइमरी और मीडिल स्कूल में नाश्ते का भी वितरण होने लगा है। ऐसी स्थिति में मध्यान्ह भोजन के साथ साथ नाश्ता की भी गुणवत्ता और पौष्टिकता की जांच होनी चाहिए। शहर के स्कूलों में तो मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूहों के द्वारा ही नाश्ता बनाने का काम किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में तो स्थितियां अधिकारियों के निगाहों में होने के कारण कुछ हद तक बेहतर चल रही है लेकिन ग्रामीण अंचलों में जांच आवश्यक हो गई है।

## सेतु निगम की रिपोर्ट पर विभाग ने लगाया प्रतिबंध, तरदा कनकी होकर गुजरेंगे वाहन

# कुदुरमाल पुल जर्जर, पीडब्ल्यूडी ने वाहनों के आवागमन पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोक निर्माण विभाग ने सेतु निगम की रिपोर्ट पर कुदुरमाल पुल से वाहनों के आवागमन पर शनिवार देर शाम रोक लगाने की कार्यवाही करते हुए वाहनों के आवागमन के प्रतिबंध का बोर्ड लगा दिया है। सेतु निगम ने अपनी रिपोर्ट में पुल के एक पिलर के पूरी तरह से जर्जर होने के कारण किसी भी समय हादसा होने का उल्लेख किया है।

हसदेव नदी पर बने जिले के सबसे पुराने पुल में शामिल कुदुरमाल पुल के एक पिलर के जर्जर होने को लेकर पिछले कुछ समय से विभागीय स्तर पर तकनीकी जांच चल रही थी। पुल के जर्जर होने को लेकर जिला प्रशासन को भी इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए सेतु निगम विभाग की तकनीकी टीम ने पुल का निरीक्षण किया था। जिसमें पुल के एक पिलर का बेरिंग खराब होने और नीचे से जर्जर होने की रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को सौंपी थी जिसमें विभाग ने पुल के जर्जर होने और वाहनों के आवागमन से किसी भी तरह के हादसे की आशंका जताते हुए वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की अनुशंसा की थी। सेतु निगम की रिपोर्ट पर लोक ⏭शेष पेज 3 पर



घेरे में पुल का क्षतिग्रस्त पीलर।

### रिपोर्ट पर कार्यवाही

सेतु निगम ने कुदुरमाल पुल के संबंध में अपनी रिपोर्ट दी है जिसमें पुल के जर्जर होने का उल्लेख कर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए लिखा है। उस रिपोर्ट के आधार पर पुल से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है।

**-जे आर जांगड़े,** कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### बदलेगा वाहनों का मार्ग

पुल पर वाहनों के आवागमन से रोक लगने के कारण अब वाहन तरदा कनबेरी सर्वमंगला मार्ग होते हुए घूमकर जाएंगे। उक्त मार्ग पर भारी वाहनों और यात्री वाहनों के आवागमन से तरदा कनकी मार्ग में भी वाहनों का दबाव बढ़ेगा। इसी तरह उरगा से कोरबा मार्ग में भी वाहनों का दबाव बढ़ेगा। हालांकि विभाग के द्वारा वैकल्पिक मार्ग की तलाश किया जा रहा है। रविवार को लोक निर्माण विभाग की टीम एक बार फिर पुल का निरीक्षण करेगी।

# बरसात में टूटे पुल की अब तक नहीं हुई मरम्मत



बरसात से क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम बेलाकछार संगम नगर बालको में आने जाने वाला पुल बरसात से टूटा हुआ है। अभी तक नहीं बना है कई बार सरपंच, सचिव, बीडीसी, कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया था। वार्ड क्रमांक 18, 19, 20 के वार्डवासियों को क्षतिग्रस्त पुल के कारण आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसी मरीज की तबीयत होने पर एंबुलेंस की सुविधा टूटे पुल के कारण नहीं मिल पाती है जिस कारणवश मरीज व उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# 40 नग रेल पाथ को काटकर ले जाने के फिराक में थे कबाड़ चोर, पुलिस ने दी दबिश



पुलिस द्वारा जप्त रेल पाथ।



जप्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कबाड़ चोरों के हौंसले इस कदर बुलंद है कि अब वह रेलवे की संपत्ति को भी काटकर बेचने लगे हैं। नया मामला छुराकछार से एनटीपीसी के लिए जाने वाली बंद पड़ी रेलवे लाईन की है। जहां तड़के कबाड़ गिरोह के सदस्य गैस कटर लेकर रेल पाथ को काटकर पिकअप वाहन में लोड कर भागने की तैयारी में थे लेकिन पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले लेकिन पुलिस ने एक पिकअप वाहन को जप्त किया है जिसमें 40 नग रेल पाथ और ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लोड थी फिलहाल पुलिस ने धारा 102 के तहत सामानों को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छुराकछार एनटीपीसी की बंद पड़ी रेल लाइन पर कबाड़ चोरों की नजर है। बताया जाता है कि कबाड़ चोर गिरोह के सदस्य शुक्रवार की तड़के पिकअप वाहन को लेकर पूरे साजो समान के साथ पहुंचे हुए थे जहां गैस कटर की मदद से 40 नग रेल पाथ को काटकर पिकअप क्रमांक सीजी 10 एजेड 4376 में लोड कर चुके थे लेकिन मुखबीर की सूचना जैसे ही बांकीमोंगरा पुलिस को मिली तो पुलिस की टीम ने तड़के 5 बजे रेल पाथ पर पहुंची और पुलिस की गाड़ी को आता देखकर कबाड़ गिरोह मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने मौके स्थल से 40 नग रेल पाथ से लोड पिकअप वाहन को जप्त किया है। जिसमें दो नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर भी भरा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने उक्त वाहन व उसमें रेल पाथ को धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है कि आखिर किस गिरोह द्वारा कबाड़ की चोरी की जा रही थी। पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों की गिरेबांह तक पहुंचेगी।

**खास बातें**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का मामला, छुराकछार से एनटीपीसी की बंद रेल लाइन को बना रहे थे निशाना
- कबाड़ गिरोह के सभी सदस्य मौके से फरार, पुलिस जुटी जांच में

### बिलासपुर से जुड़े हो सकते हैं तार

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पिकअप क्रमांक सीजी 10 एजेड 4376 बिलासपुर वार्ड क्रमांक 23 निवासी रज्जाक खान पिता हामिद खान के नाम होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि वाहन किसने और कहां से लिया था और वाहन को कौन-कौन इस्तेमाल कर रहा था। पुलिसिया जांच आने के बाद ही इस गिरोह का पर्दाफाश होगा कि इस गिरोह के द्वारा किस-किस इलाके में कबाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है।

# सेवानिवृत्त बीएसएनल एसडीओ के घर लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएसएनल से सेवानिवृत हुए एक एसडीओ अपने परिवार सहित बिलासपुर भागवत कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। इस दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे अलमारी से लाखों रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदात से पुलिस भी परेशान है और पुलिस आरोपियों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर मकान नंबर सी1, सी2 एमआईजी 39 में भारतीय दूरसंचार सेवा से एसडीओ सेवानिवृत्त हुए हरिप्रसाद सोनी का परिवार निवास करता है। बताया जाता है कि हरिप्रसाद सोनी के परिवार में भागवत कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री सोनी सपरिवार 11 नवंबर को बिलासपुर गए हुए थे। इस बीच उनके घर में ताला बंद था और घर की देखरेख के ⏭शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- पूरा परिवार भागवत में शामिल होने गया था बिलासपुर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### माजदा की टक्कर से स्कूटी सवार बेटी की मौत

**बिलासपुर।** नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए माजदा के ड्राइवर ने स्कूटी सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी। युवती के सिर से चक्का चल जाने से उनकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, शनिवार को बिल्हा निवासी जगदीश बग्गा अपनी बेटी कसक बग्गा 22 साल को लेकर काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद पिता पुत्री स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 7376 से वापस गांव जा रहे थे। शाम 4 बजे हाईकोर्ट के पहले गुरूनानक ढाबा के पास पीछे से आ रहे स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 04 एमएस, 7330 के चालक बलौदाबाजार निवासी शेखर यदु ने शराब के नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे से जा रहे पिता पुत्री की स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे युवती से सड़क की ओर व पिता दूसरे साइड में गिर गए। युवती के सिर से माजदा का चक्का चल जाने से उनकी मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे साइड गिरने से पिता बाल बाल बच गए। उन्हें केवल चोट आई है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने माजदा सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। नशे में होने पर लोगों ने उसकी जमकर खातिरदारी की। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर जाकर युवती के शव का उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने माजदा जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**बिलासपुर।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर गैलेक्सी अपार्टमेंट निवासी शोभा पाठक पति मयंक पाठक 38 साल कैप्से सैलून कंपनी चलाती है। 27 नवंबर को वे अपने आफिस से काम खत्म कर प्लेजर क्रमांक सीजी 10 बीडी, 8003 से अपने घर जा रही थीं। बिलासा इन होटल के आगे पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एजेड, 8001 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी प्लेजर को टक्कर मार दी। हादसे में श्रीमती पाठक घायल हो गई हैं। पुलिस ने कर्मचारी संजना सिंह की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सोशल मीडिया में स्टंटबाजी व सड़क पर बर्थडे मनाने का चलन तेजी से बढ़ने लगा

# पांच माह में सड़क पर बर्थडे मनाते 33 वाहन जब्त, 42 की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी के निर्देश पर विगत पांच माह में स्टंट करने व सड़क पर बर्थडे मनाने वाले 33 वाहनों को जब्त कर 72 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

सोशल मीडिया में स्टंटबाजी व सड़क में बर्थडे मनाने की रील देखकर शहर में इसका चलन तेजी से बढ़ने लगा। विगत कुछ माह से शहर व आउटर की सड़कों पर जान जोखिम में डालकर चार पहिया वाहनों में छत, बोनट पर बैठकर, खिड़की से बाहर निकलकर रील बना रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिनस्थ अधिकारियों को स्टंट करते व सड़क में बर्थडे मनाने वालों की वीडियों से पहचान कर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया था। उसके बाद पुलिस विभाग के अधिकारी ऐसे वीडियो अपलोड करने वालों की पहचान कर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। विगत 5 माह में सड़क पर स्टंटबाजी, खतरनाक ड्राइविंग व सार्वजनिक मार्ग में बर्थडे सेलिब्रेशन जैसी अवैध गतिविधियों के विरूद्ध 14 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिनमें 10 मामले स्टंट व 4 मामले सड़क पर बर्थडे मनाने वाला है। इन प्रकरणों में अब तक 33 वाहन जब्त किया गया वहीं 72 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।



स्टंट कर सड़क पर जन्मदिन मनाने वाला वाहन जब्त।

### सख्त कार्रवाई होगी

युवाओं को चेताना चाहता हूं ऐसी स्टंटबाजी गतिविधियों से आपका व दूसरे का जीवन संकट में आएगा। कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए, गलत काम से कोई इम्प्रेश नहीं होता है। स्टंटबाजी व सड़क बाधित कर बर्थडे मनाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई किया जा रहा है।



-रजनेश सिंह
एसएसपी

# युवक की हत्या, पिता पुत्र 4 नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी में नाचने के दौरान धक्का मुक्की होने से दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। इसी दौरान एक पक्ष ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में पिता पुत्र व चार नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ग्राम खपरी में पटेल व निषाद परिवार के घरों में शादी कार्यक्रम चल रहा है। दोनों परिवारों के लोग बाजा गाजा के साथ चूलमाटी में निकले थे। चूलमाटी लेते समय बाजा में नाचने के दौरान बड़कू उर्फ रामभजन यादव पिता लल्लू यादव 18 साल को संदीप निषाद ने धक्का दे दिया, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान गांव के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद शांत करा दिया। विवाद के दौरान बड़कू उर्फ रामभजन का मोबाइल गिर गया था। मोबाइल को लेकर वह दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा। इससे निषाद परिवार के लोगों ने बड़कू उर्फ रामभजन के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।



गिरफ्तार आरोपी।

चाकूबाजी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कुश यादव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 1, 115, 2, 191, 2, 191, 3, 296, 351 के तहत आरोपी संदीप यादव व उसके पिता रामकलेश यादव व चार नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क पर बर्थडे मनाने वाले 3 युवक गिरफ्तार


थाने में गिरफ्तार आरोपी।

सड़क पर कार खड़े कर बर्थडे मनाने और आवागमन बाधिक करने वाले बर्थडे ब्याय सहित 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड माता चौरा निवासी आशुतोष पाण्डेय पिता विरेन्द्र पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। 21 नवंबर की रात 8 बजे वे नेहरू चौक जा रहे थे। शिव चौक के पास हिमांशु गुप्ता ने अपना बर्थडे मनाने के लिए दोस्त के साथ बीच सड़क पर कार क्रमांक एचवायएम, 6639 को खड़े कर दिया था, वह यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए मार्ग को अवरुद्ध कर दोस्तों के साथ केक काटकर बर्थडे मना रहा था। उन्होंने सड़क पर बर्थडे मनाने से मना किया तो वे विवाद करने लगे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 285 के तहत बर्थडे ब्याय हिमांशु गुप्ता उर्फ निशान पिता केसरीचंद 26 साल विनोबानगर, आशीष साहू पिता सुरेश साहू कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के पीछे, शुभ राव जड़ित पिता दिनेश राव जड़ित 20 साल कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी को गिरफ्तार कर जीप जब्त कर लिया है।

# खुली कार के बोनट पर बैठकर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार


आरोपियों की पुलिस ने निकाली बारात।

सोशल मीडिया में खुली कार के बोनट पर बैठकर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दो युवकों को गिरफ्तार जीप जब्त कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 29 नवंबर को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में खुली कार क्रमांक ओआर 14 एन, 9559 के बोनट में तिफरा निवासी उज्जवल कौशिक बैठकर स्टंटबाजी कर रहा था। जांच में पता चला वीडियो अक्टूबर 2025 रात 10 से 11 बजे तिफरा ओव्हरब्रिज का है। सूर्या दत्ता के मोबाइल से राकी वर्मा द्वारा पीछे बैठकर वीडियो बनाया गया है और गाड़ी समर बोरकर चला रहा था। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 3, 5 व 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज उज्जवल कौशिक, राकी वर्मा को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।

# चोरी के मोबाइल व नकद रकम सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक मकान से मोबाइल व नकद रकम चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



- सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई भाठापारा की घटना

सरकंडा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 28 नवंबर को खमतराई भाठापारा निवासी अव्यय भारतीय शोखावत रात 12.30 बजे आटो चलाकर अपने घर आए तो एक लड़का उन्हें देखकर भाग गया। वे घर के अंदर गए तो दो लड़के घर में घुसकर बैग को खंगाल रहे थे। उन्हें देखकर दोनों युवक भाग गए। उनके घर से मोबाइल व 2 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्मम साहू उर्फ सिद्धू पिता राजेन्द्र साहू 19 साल भाठापारा खमतराई, अजय चौहान पिता संतोष चौहान 20 साल मुरूम खदान अटल आवास, रेहान खान उर्फ मोमीन पिता मो. मनसूर मोमीन 20 साल चौबे कालोनी सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने श्री शोखावत के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से मोबाइल व नकद रकम जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बंद पड़ी फाइल को खोलकर गिरफ्तार किया गया ठगी का आरोपी

**अंबिकापुर।** गड़ा धन निकालने के नाम पर पूजा पाठ का ढोंग कर नगदी और सोने की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने चार साल पहले केस खत्म कर दिया था लेकिन एक बार फिर से पुलिस ने प्रकरण की फाइल खोली और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर सहेली गली निवासी 52 वर्षीय जगदीश विश्वकर्मा अ. स्व. छट्टू विश्वकर्मा से वर्ष 2019 में संजय मिश्रा व अन्य लोगों ने पूजा पाठ कर गड़ा हुआ धन निकालने के नाम पर 40 हजार रुपए और 21 तोला सोने की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस वर्षों से आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 10 अगस्त 2021 को प्रकरण का खात्मा कर केस बंद आकर दिया गया था। इस दौरान 17 अक्टूबर को बलरामपुर के शंकरगढ़ पुलिस ने धोखाधडी के मामले में संजय मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही आरोपी संजय मिश्रा की भूमिका उक्त प्रकरण में भी सामने आने पर एसएसपी के निर्देश पर फिर से फाइल खोलकर प्रकरण की जांच की गई और जांच के बाद एमपी के रीवा इटावरी निवासी 38 वर्षीय संजय मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा को रिमांड में लेकर पूछताछ की तो उसने ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि ठगी में सिर्फ 12 हजार रुपए मिलने और रकम खर्च होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक सचिंद्र सिन्हा, आरक्षक देशराम सक्रिय रहे।




# रजिस्ट्री नियम के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ में जमीन राजिस्ट्री को लेकर भाजपा सरकार द्वारा तय किए गए नए नियमों के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने घड़ी चौक पर विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लोककल्याणकारी कार्य करने के बजाय एक व्यापारी की तरह व्यवहार कर रही है। ये सरकार आम जनता को किसी भी प्रकार की राहत देने को तैयार नहीं है।

- कहा-सरकार आम जनता को किसी प्रकार का राहत देने तैयार नहीं

सरकार ने पहले बिजली कीमतों को बढ़ाया और बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त किया और अब राजिस्ट्री कीमतों के भार जनता पर डाल दिया है। प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी पर तंज करते हुए कहा कि उनकी अदूरदर्शिता के कारण प्रदेश आर्थिक संकट में है। सरकार से आमजन को कुछ हासिल नहीं हो रहा है, उल्टे वित्त मंत्री जनता पर आर्थिक भार डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जमीन रजिस्ट्री को लेकर जो नई गाइडलाइंस लाया है उसके अनुसार अब किसी भी जमीन की कीमत का मूल्यांकन उसके बाजार मूल्य के हिसाब से किया जाएगा। कांग्रेस शासन में यह व्यवस्था थी कि बाजार मूल्य पर 30 प्रतिशत छूट देकर उसपर 4 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क लिया जाता था। नई गाइडलाइन के अनुसार जहां रजिस्ट्री शुल्क के निर्धारण का आधार बाजार मूल्य को बनाया गया है वहीं पंजीकरण शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखा गया है। इससे भूमि के मूल्य में भारी वृद्धि होना तय है। दूसरी व्यवस्था यह बनाई गई है कि यदि कोई भू-खंड मुख्य मार्ग पर है तो उस भूखंड को दो हिस्से में बांटकर उसके बाजार मूल्य का निर्धारण किया जायेगा। सड़क से लगी सामने की भूमि की कीमत की कीमत पीछे की भूमि से अधिक आंकलित की जाएगी जबकि पहले पूरे भू-खंड का एक कीमत निर्धारित होता था। इस कारणवश भी भूमि की कीमतों में भारी वृद्धि की संभावना है। प्रदेश की भाजपा सरकार के इस कदम के कारण आमजन के साथ ही व्यापारियों और रियल स्टेट कारोबारियों पर बड़ा आर्थिक भार पड़ना सुनिश्चित है। इस निर्णय के खिलाफ युवा कांग्रेस ने युंका जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में पुतला दहन किया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, एपी सांडिल्य, डॉ. लालचंद यादव, दुर्गेश गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, जमील खान, अमित तिवारी राजा, मदन जायसवाल, मो अख़्तर चम्मा, प्रीति सिंह, निक्की खान, जीवन यादव, उत्तम राजवाड़े, निखिल विश्वकर्मा, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।



# झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आज भी जागरूकता की कमी है। हालांकि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके ग्रामीण अस्पताल के बजाए झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराते है जिसका खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। दरिमा क्षेत्र निवासी एक परिवार को झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना उस समय महंगा पड़ गया जब बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ने से बालिका की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- तबीयत बिगड़ने से बालिका की मौत,

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा खुर्द निवासी लक्ष्मी वैष्णव आ. राजेश्वर प्रसाद वैष्णव (14 वर्ष) 26 नवम्बर को पेट में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर बहन मोकेश्वर वैष्णव ने अमिन वैष्णव के साथ बालिका का इलाज व जांच करने करजी चौक समीप स्थित वैष्णव क्लीनिक लेकर गई। जहां क्लीनिक संचालक ने बालिका की जांच कराने के पश्चात दो इंजेक्शन और टेबलेट व सिरप दिया। बीती रात खांसी आने पर बालिका सिरप पीने लगी तभी उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई। परिजन देर रात रामानुज वैष्णव, राकेश सिंह, राहुल वैष्णव के साथ बोलेरो से आनन-फानन में बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### हाथियों का पारंपरिक मार्ग नहीं होने के कारण वन अमला व ग्रामीण थे निश्चिंत

# 25 किमी की दूरी तय कर दंतैल पहुंचा बिसाही नवापारा बस्ती में, ली पति-पत्नी की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सोनगरा

लम्बे समय से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के विभिन्न जंगलों में भ्रमण कर लोनर दंतैल रातो रात 25 किमी की दूरी तय कर वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कपसरा अंतर्गत बिसाही नवापारा के मुराडांड पारा बस्ती में दाखिल हो गया। दंतैल ने अपने घर के पास खलिहान में सो रहे दम्पति की जान ले ली।

बताया जा रहा है कि लोनर दंतैल पहले भी कई बार आसपास के जंगलों में गया है लेकिन कभी इतनी लम्बी दूरी तय नहीं की। दंतैल के घुई जंगल की ओर जाने की संभावना पर वनकर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इधर दंतैल अपने पारंपरिक मार्ग को छोड़कर पोड़ी कपसरा अनरोखा जंगल के रास्ते बीती रात ढाई बजे बिसाही नवापारा के मुराडांड बस्ती में पहुंच गया। बिसाही नवापारा बस्ती के आसपास कभी हाथी नहीं पहुंचा था इसलिए ग्रामीण भी निश्चिंत थे। वन अधिकारियों को भी दंतैल के गांव में पहुंचने की संभावना नहीं थी लिहाजा न तो वनकर्मियों ने दंतैल की निगरानी की न ही इसकी सूचना ही किसी को दी। बताया जा रहा है कि वन अमले को दंतैल के पहुंचने की सूचना तक नहीं थी। इधर मुराडांड निवासी कविलास राजवाड़े (45वर्ष) एवं उसकी पत्नी धनियारों (41 वर्ष) घर के पास ही धान की रखवाली करने खलिहान में सोए थे। दंतैल कविलास के घर की दीवार को ढहाने के बाद खलिहान में पहुंच गया तथा पति-पत्नी को पटकने के बाद कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने खलिहान में दंपती का क्षत-विक्षत शव देखा तो भटगांव पुलिस को सूचना दी। सूचना पर वन व पुलिस अमला पहुंचा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मृतक के परिजन को सहायता राशि प्रदान की।



### दी गई है सहायता राशि

दंतैल जंगल के रास्ते लम्बी दूरी तय कर बस्ती में पहुंचा था जिसकी सूचना किसी को भी नहीं थी। मृतक के परिजन को 50 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-उमेश वस्त्रकार
वन परिक्षेत्र अधिकारी, सूरजपुर

### ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

दंतैल के हमले में एक साथ दंपती की मौत होने से ग्रामीणों ने वन अधिकारियों के समक्ष जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों पर हाथियों की निगरानी के नाम पर खानापूर्ति करने एवं समय पर हाथियों की मौजूदगी एवं भ्रमण की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर दंतैल के भ्रमण की जानकारी मिल जाती तो दंपती की जान बच सकती थी। इधर वन अधिकारियों का कहना है कि हाथी हमेशा अपने पारंपरिक मार्ग से आवागमन करते हैं तथा कभी किसी कारण से भटकते भी है तो तुरंत अपने मार्ग को पकड़ लेते हैं। बिसाही नवापारा बस्ती हाथियों के पारंपरिक मार्ग से काफी दूर है इसलिए निश्चिंत थे। वन अधिकारी दंतैल के मस्त में होने की भी संभावना जता रहे हैं। वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत मोहनपुर जंगल में एक अन्य लोनर दंतैल भ्रमण कर रहा है। घटना के पांच साल पूर्व भी गांव में हाथी पहुंचे थे लेकिन थोड़ी देर बाद ही वापस लौट गए थे।

# जमीन विवाद पर पड़ोसी ने मिलकर पति-पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**सीतापुर।** जमीन विवाद पर पड़ोसियों ने मिलकर पति पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में डंडे के वार से सिर पर गंभीर चोट लगने से पत्नी की हालत गंभीर है जबकि बीच बचाव के दौरान पति के हाथों में भी चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख उसे बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। उक्त घटना ग्राम सुर पकरीखार की है जहां जमीन विवाद के कारण पड़ोसियों ने मिलकर रविकांत लकड़ा एवं उसकी पत्नी अनिता लकड़ा पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिस दौरान यह हमला हुआ उस दौरान मौके पर केवल पति पत्नी मौजूद थे जबकि हमलावरों की संख्या आठ दस के करीब थी। इस हमले में सिर पर डंडे से लगे प्राणघातक चोट की वजह से महिला बुरी तरह घायल हो गई। इस दौरान पत्नी को बचा रहे पति भी हमलावरों के हमले से बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल लाया गया जहां महिला के सिर में लगी गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### जबरन उठाकर ले जा रह थे धान की फसल

इस घटना के संबंध में पीड़ति रविकांत लकड़ा ने बताया कि उनकी ग्राम सुर पकरीखार में कृषि भूमि है जहां उन्होंने धान की खेती की थी और फसल पकने के बाद उसे काटकर खेत मे ही इकट्ठा छोड़ दिया था। शनिवार को दोपहर में पड़ोस में रहने वाले शिवनाथ लकड़ा बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों के साथ मिलकर उस धान को खेत से जबरन उठाकर ले जा रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद रविकांत अपनी पत्नी अनिता के साथ मौके पर पहुंचकर जबरन धान उठाकर ले जाने पर अपना विरोध जता रहा था। इसी दौरान शिवनाथ लकड़ा एवं बैजनाथ लकड़ा अपने साथियों संग मिलकर पति पत्नी पर रॉड एवं डंडे से जानलेवा हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप

### रासेयो ने गोदग्राम भादा में चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम भादा में जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन तथा रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में स्वीप कैंपस एंबेसडर मुस्कान राजपूत व रासेयो स्वयंसेवकों ने पोस्टर बैनर के साथ घर-घर जाकर एस आई आर की जानकारी देकर प्रक्रिया से अवगत कराया। ग्राम के नए मतदाताओं को बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 6 भरने तथा नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 भरने की जानकारी दी तथा मतदाता सूची के अपग्रेडेशन के लाभ बताए। स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों को 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ से गणना पत्रक प्राप्त कर जमा करने तथा मतदान केंद्र में जाकर 9 दिसंबर को मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने सहित एस आई आर की संपूर्ण प्रक्रिया तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। मतदाता जागरूकता रैली में वरिष्ठ स्वयंसेवक तथा छात्र कैंपस एंबेसडर देवांश कुमार तिवारी, वाणी यादव, आंचल यादव, खुशबू महंत, निशा तिवारी, रितिक यादव आदि उपस्थित थे।

### एसआईआर फार्म भरने सहयोग कर रहे भाजपाई

**कोरबा।** कुसमुंडा के गेवरा बस्ती वार्ड 26 में निर्वाचन आयोग की ओर से चलाई जा रही एसआईआर योजना के तहत भाजपा मंडल महामंत्री विकेश झा क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया है और मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने की सलाह दी। इसका उद्देश्य सभी मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को अघतन करना है ताकि जिन मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर दर्ज हैं उन्हें एक ही जगह पर रखा जा सके। इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारीयों और बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है जो घर-घर जाकर फार्म भरवा रहे हैं। मंडल महामंत्री विकेश झा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें एसआईआर योजना के महत्व और प्रक्रिया के बारे में समझाया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे पूरी तरह तैयार रहे और अपने वोट सुरक्षित करें उन्होंने मतदाताओं को निर्देश दिया कि यदि कोई बीएलओ उनके घर नहीं आता है तो वह तत्काल इसकी शिकायत करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ को घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने की स्पष्ट निर्देश दिए हैं और लापरवाही करने पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बीएलओ को भी सभी फॉर्म बिना किसी लापरवाही के भरने के निर्देश दिए।

### ज्योति हाईस्कूल में मना बाल मेला बच्चों ने परोसे पारंपरिक व्यंजन

**कोरबा।** हसदेव नदी के तट पर स्थित शहर के प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्साह, उमंग और रौनक से भरा रहा। मेले में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध पारंपरिक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक ईंधन लकड़ी चूल्हा जलाकर ताजे और स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजन तैयार किए। इनमें चीला, फररा, अइरी, बाटी, भजिया, फरा, देहाती चटनी समेत कई परंपरागत पकवान शामिल थे। बच्चों ने अपने-अपने समूह में मिलकर, शिक्षकों के मार्गदर्शन में और स्वयं के व्यय से आकर्षक स्टॉल लगाए। हर स्टॉल पर व्यंजनों की सुगंध और बच्चों की चहल-पहल ने मेले को खास बना दिया। बाल मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक, पूर्व विद्यार्थी और अन्य आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### 15 दिन काम करने के बाद हटाए गए ऑपरेटर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिले के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर भर्ती किए गए ऑपरेटर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल जारी रहने और धान खरीदने में देरी होने को देखते हुए जल्दबाजी में सरकार के द्वारा विकल्प अपनाया गया। इसके अंतर्गत कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई और उनसे 15 दिन तक काम भी लिया गया। इस बीच दबाव बढने पर कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई और फिर टेंडर के निरस्त किए जाने का हवाला देते हुए ऑपरेटरर्स को हटा दिया गया। हरदीबाजार क्षेत्र के एक उपार्जन केंद्र में ऑपरेटर श्वेता तिवारी ने बताया कि 15 दिन तक काम लिया और उसका वेतन भी नहीं दिया। पुरानी जगह का कार्य छोडकर हम लोग यहां आए थे। इस तरह हमारा काफी नुकसान हुआ है इसकी भरपाई कौन करेगा। ऑपरेटर यूनियन के एक सदस्य ने बताया कि बहुत कुछ सोच समझकर हम लोगों ने धान खरीदी केन्द्रो में काम करना तय किया था।

## निधन

### पंकज जायसवाल



**कोरबा।** साडा व ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ उमाशंकर जायसवाल के सुपुत्र पंकज जायसवाल 56 वर्ष का निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा 30 नवम्बर को प्रातः 10 बजे गांधी चौक स्थित जायसवाल गली निवास से निकल कर मोतीसगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## रिक्त पदों पर स्थायी प्राचार्यों की पदस्थापना

# जारी हुई लंबित प्रमोशन सूची जिले को मिले 12 प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा विभाग में लेक्चरर से प्राचार्य पद पर टी संवर्ग की लंबित पदोन्नति सूची जारी होने के साथ ही काउंसलिंग के द्वारा जिले की स्कूलों में पदस्थापना शुरु कर दी गई है। इसके तहत जिले को 12 नए प्राचार्य मिले हैं। जिनकी पदस्थापना जिले के दूरस्थ स्कूलों में की गई है।

**खास बातें**

- टी संवर्ग की सूची लंबित थी, काउंसलिंग से हो रही पदस्थापना
- लेक्चरर से प्राचार्य पद पर प्रमोशन के लिए चल रही थी कवायत

लेक्चरर से प्राचार्य पद के लिए लंबे समय से प्रमोशन सूची लंबित थी। बीते 2 वर्ष से शिक्षक संघों के द्वारा सूची जारी करने और पदोन्नति करने की मांग लगातार करते आ रहे थे। कुछ मामले हाईकोर्ट तक भी पहुचे थे। कोर्ट की सख्ती के बाद डीपीआई के द्वारा प्रमोशन सूची जारी कर काउंसलिंग के द्वारा प्राचार्य के रिक्त पद वाले स्कूलों में पदस्थापना शुरु कर दी गई है। अब तक 12 प्राचार्यो की पदस्थापना जिले के स्कूलों में कर दिया गया है। किस स्कूल में किसकी पदस्थापना हुई है इसकी सूची शिक्षा विभाग को नहीं मिली है।

डीपीआई के द्वारा काउंसलिंग आयोजित कर सीधे पदस्थापना की जा रही है। जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों के कुछ हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल ऐसे हैं जहां पदस्थ प्राचार्य जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। कुछ ऐसे प्राचार्य हैं जो अगस्त महीने में सेवानिवृत्त हुए थे उनको अब तक सेवा वृद्धि का आदेश नहीं मिला है लेकिन उनसे काम लिया जा रहा है। इससे पूर्व जुलाई महीने में भी व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नति सूची जारी हुई थी जिसमें जिले की 4 महिला शिक्षकों को जिले में ही पदस्थ किया गया है।

**स्थानांतरण से रिक्त हुए थे पद**

युक्तियुक्तकरण के तहत कई व्याख्याता कहीं और पदस्थ कर दिए गए और अब उनके प्राचार्य पद पर प्रमोशन होने के बाद जिले से बाहर स्थानांतरण कर दिया गया है जिससे कुछ स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त हो गए थे। ऐसे स्कूलों में अब स्थायी प्राचार्य की पदस्थापना हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन सूची जारी होने के साथ डीपीआई के द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से प्राचार्यों की सीधी पदस्थापना की जा रही है। सूची बाद में विभाग को दी जाएगी।

# कालेज के छात्रों ने डीएसपीएम का किया औद्योगिक भ्रमण




संयंत्र का भ्रमण करने पहुंचे महाविद्यालयीन छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित होने के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कोरबा के विद्यार्थियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण किया।

महाविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित इस औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व महाविद्यालय की वाणिज्य की अतिथि व्याख्याता आशिया खान एवं मधु यादव अतिथि व्याख्याता, अर्थशास्त्र के द्वारा सफलतापूर्वक कराया गया।

महाविद्यालय के बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी तृतीय वर्ष एवं तृतीय सेमेस्टर के कुल 55 छात्र-छात्राओं ने पूरे अनुशासन और रुचि के साथ इस औद्योगिक भ्रमण में भाग लिया। महाविद्यालय के इस प्रयास के लिए अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती शिखा शर्मा ने प्रशंसा करते हुए भ्रमण दल को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर स्टेशन के सहायक अभियंता सुमन सोमानी, प्रकाश देवांगन और देवकी पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को थर्मल पावर स्टेशन के सभी यूनिट्स का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पावर जनरेशन की संपूर्ण प्रक्रिया जैसे कोयला आपूर्ति, बॉयलर संचालन, टरबाइन कार्यप्रणाली, कंट्रोल रूम प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण उपाय तथा सुरक्षा मानकों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। संयंत्र के तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को थर्मल पावर प्लांट की आधुनिक तकनीकों, मशीनरी संचालन और ऊर्जा उत्पादन के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# छात्रों को दें अधिकार, कर्तव्य और लोकतंत्र की बुनियादी समझ



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं एवं शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत का संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त लिखित दस्तावेज माना जाता है। संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा संस्कार भारती हायर सेकंडरी स्कूल डिंगापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. डिंपल ने संविधान की प्रस्तावना, उसके मूल सिद्धांतों तथा नागरिकों से जुड़े अधिकारों और दायित्वों पर सरल और प्रभावी ढंग से जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि संविधान केवल एक अध्याय नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की दिशा निर्धारित करने वाला मार्गदर्शक है। कु. डिंपल ने लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उन्हें लागू करती है और न्यायपालिका न्याय सुनिश्चित करती है। उनका कहना था कि इन तीनों के समन्वय से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत बनती है। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि एक जागरूक और सक्रिय नागरिक ही संविधान की वास्तविक शक्ति है। इसलिए युवाओं को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी बराबरी से निभाने की आवश्यकता है।

# भाषा संस्कृति बचाएं अन्यथा अपने ही राज्य में बाहरी कहलाएंगे : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार




शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी राज भाषा दिवस का समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, हिन्दी विभागाध्यक्ष शिव कुमार दुबे सहित समस्त विभागों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य श्री पाण्डेय द्वारा किया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के राजगीत का सम्यक स्वर में गायन किया गया। कार्यक्रम में सफल छत्तीसगढ़ी मंच संचालन डॉ. अर्चना बोरकर के द्वारा किया गया। साथ ही हिन्दी विभागाध्यक्ष शिव कुमार दुबे ने लोकप्रिय लक्ष्मण मस्तुरिया के छत्तीसगढ़ी गीत मोर संग चलव के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व और इसकी सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाले। इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभाग से श्रीमती अंजली कंवर, अंग्रेजी विभाग से रितेश यादव, सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार और हिन्दी विभाग के श्रवण कुमार सहित हिन्दी विभाग के एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर से प्रगति तिवारी, दीपांजलि, पूजा, किरण मिनी, अंजली इनकी सहभागिता रही और महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समापन शिव कुमार दुबे के द्वारा किया गया। जिन्होंने सभी को छत्तीसगढ़ी राज भाषा दिवस की बधाई दी और मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया। मातृभाषा को शासकीय कार्यालयों की भाषा के रूप में प्रयोग किए जाने पर ही आठवीं अनुसूची के लिए यह भाषा अपना स्थान बना पाएगी। जब तक छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का का नारा कंठ से हृदय नहीं उतरेगा तब तक इसका संरक्षण और संवर्धन नहीं हो पाएगा। इसलिए हमें गर्व के साथ इसे अपने जीवन में आत्मसात करना होगा।

# सीटू ने चार श्रम संहिताओं पर केंद्र सरकार के दावों को बताया भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने 21 नवंबर को पीआईबी के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति को पूर्णतः भ्रामक करार दिया है। सीटू का कहना है कि भारत सरकार श्रम संहिताओं को मजदूर समर्थक और आधुनिकीकरण का रूप देकर पेश करने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है।

सीटू ने आरोप लगाया कि ये नई श्रम संहिताएँ आजादी के बाद मजदूरों के लंबे संघर्षों से प्राप्त मौलिक अधिकारों को खत्म करने की दिशा में सबसे आक्रामक और व्यापक हमला हैं। संगठन का दावा है कि इन संहिताओं का मूल उद्देश्य कॉरपोरेट सेक्टर को खुली छूट देना, शोषण को आसान बनाना, ठेकेदारी बढ़ाना और बंधनरहित नियुक्ति-बर्खास्तगी को सुविधाजनक बनाना है। सीटू ने प्रेस विज्ञप्ति में सरकार द्वारा किए गए मजदूर हितैषी दावों को झूठा बताते हुए कहा कि श्रम संहिताएँ मजदूरों की सुरक्षा कमजोर करेंगी। कॉरपोरेट को बिना रोकटोक कर्मचारियों की भर्ती व बर्खास्तगी की शक्ति मिलेगी। कार्यस्थल पर मजदूरों के अधिकार पहले से अधिक सीमित हो जाएंगे। यूनियनों की भूमिका कमजोर करने की रणनीति साफ दिखाई देती है। सीटू ने कहा कि सरकार द्वारा जारी प्रेस नोट का मकसद जनता को भ्रमित करना और वास्तविक स्थिति छिपाना है। छत्तीसगढ़ सीटू के जनरल सेक्रेटरी वी.एम. मनोहर ने बताया कि संगठन मजदूरों के अधिकारों को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है और श्रम संहिताओं के खिलाफ देशव्यापी अभियान जारी रहेगा। उनका कहना है कि ये संहिताएँ मजदूर हित में नहीं, बल्कि कॉरपोरेट हित में बनाई गई हैं।

# धूमधाम से मना जलाराम मंदिर का पाटोत्सव

**कोरबा।** संत श्री जलाराम मंदिर का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 10.30 बजे मंदिर में विराजमान श्री विग्रहों का अभिषेक पूजन व आरती की गई। शाम को श्री नारायण सा मिल मुड़ापार रमेश भाई पटेल के निवास से जलाराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। मंचीय कार्यक्रम में जलाराम सेवा समिति की पूर्व कार्य कार्यरिणी का सम्मान किया गया। पूर्व अध्यक्ष नानजी पटेल का सम्मान शांति चौहान, विनोद चावड़ा, वल्लभभाई मकवाना व छगन पटेल ने शाल व श्रीफल भेंट कर किया। इस दौरान नानजी पटेल ने समाज के सभी सदस्यों से जलाराम मंदिर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने प्रेरित किया। जलाराम सेवा समिति के नए अध्यक्ष का दायित्व संजय चौहान को दिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्कूलों में मध्यान्ह...

सामने आयी थी कि उक्त टीम के द्वारा शहर एवं ग्रामीण अंचलों के अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण करेगी लेकिन उक्त टीम के द्वारा नए शिक्षण सत्र में अप्रैल महीने के बाद जुलाई से लेकर आज तक टीम ने स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया, इससे स्कूलों में किस स्तर का मध्यान्ह भोजन बन रहा है इसकी जानकारी भी नहीं मिल पा रही थी।

### कुदुरमाल पुल...

निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जांगड़े ने कुदुरमाल पुल से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के निर्देश विभागीय अमले को दिए। शनिवार देर शाम लोक निर्माण विभाग की टीम हसदेव पुल पहुंची और वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए बोर्ड भी लगा दिया है। हसदेव नदी पर बना कुदुरमाल का पुल जिले में बने सबसे लंबे पुल में शामिल है। उक्त पुल से यात्री वाहनों के अलावा कोयला लोड भारी वाहनों का भी आवागमन सतत होता रहा है।

### सेवानिवृत्त ..

लिए कामवाली बाई को जिम्मेदारी दी गई थी। इस बीच शनिवार की सुबह जब रोज की तरह बाई पहुंची तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है उसने तुरंत इसकी सूचना आसपास में रहने वाले पड़ोसियों को दी और उन्होंने हरिप्रसाद सोनी को सूचनी दी। जिसके बाद हरिप्रसाद सोनी अपने परिवार सहित वापस अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है अलमारी के सारे सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद हरिप्रसाद ने सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मामले की बारीकी से जांच की। हरिप्रसाद सोने के मुताबिक चोरों ने घर में रखे 5 तोला सोना, चांदी के जेवरात सहित पर 5 हजार नगद सहित लगभग लाखों माल पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

# जमीनों के गाइडलाइन दर में बढ़ोत्तरी, सरकार का अदूरदर्शी फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से कहा है कि जमीनों के गाईड लाइन दर बढ़ाने का कांग्रेस विरोध करती है, यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जाएगी या कम हो जाएगी, जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी। श्री राठौर ने कहा कि यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो।

**खास बातें**

- गाइडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को होगी परेशानी
- जिला कांग्रेस कमेटी के शहर व ग्रामीण अध्यक्ष ने जताया विरोध



मुकेश राठौर



मनोज चौहान

ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि सरकार ने पहले भूमि के गाईडलाईन दरों में कांग्रेस सरकार के समय दिये जाने वाले 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया। अब अचानक से जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दी गई है, जिसका मतलब है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी कीमत 40 से 130 प्रतिशत बढ़ गयी है। पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा है कि 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरि या तुनकमिजाज सरकार ही लगा सकती है। प्रदेश के कई शहरों के आसपास ऐसी स्थिति बन गई है कि अगर कोई 1 हजार फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रु. में करता है, तो उसे 4 लाख 40 हजार रु. रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा, कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर होगी, और कुछ क्षेत्रों में जमीन की कीमत से ज्यादा रजिस्ट्री शुल्क देना पड़ेगा। नवनियुक्त कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने 30 प्रतिशत छूट देकर प्रदेश में रियल स्टेट सेक्टर में प्राण फूंका था। यही कारण था कि कोरोना के समय भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। वर्तमान सरकार के निर्णय से बेरोजगारी बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था तबाह होगी और रियल स्टेट में गिरावट आएगी।

## बिजनेस न्यूज

### पुष्पक इंटीरियो का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** विगत 40 वर्षों से कोरबावासियों को इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट की सभी रेंज उच्च गुणवत्ता उचित मूल्य और विक्रय उपरांत सेवा उपलब्ध करा रहा है। 7 वर्षों से पुष्पक परिवार ने पुष्पक फर्नीचर के माध्यम से फर्नीचर की विशाल रेंज भी जिलेवासियों के लिए उपलब्ध कराई है। जिलेवासियों के विशेष मांग पर अब पुष्पक परिवार अब अपने




नए संस्थान पुष्पक इंटीरियो के माध्यम से भवन निर्माण से संबंधित टाइल्स सीनेटर वॉल फिटिंग पाइप फिटिंग एवं उनके निर्माण में प्रयोग होने वाली सभी सामग्री एक ही जगह में उपलब्ध करा रहा है। पुष्पक इंटीरियो में भवन निर्माण का सामान जैसे टाइल्स, सेनेटरी, केमिकल, गार्डन पाइप फ्लेक्सिबल पाइप इत्यादि सभी सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। पुष्पक इंटीरियो प्लाट नंबर 77 टोयोटा शोरूम के पास पंजाब एंड सिंध बैंक के बगल में ट्रांसपोर्ट नगर में 28 नवंबर को प्रारंभ किया गया है। पुष्पक इंटीरियो के संचालक परशराम रमानी ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सिंपोलो कंपनी का एक्सक्लूसिव टाइल्स एंड सेनेटरी की गैलरी ग्राहक के लिए तैयार किया है जहां ग्राहक कंपनी के सभी प्रोडक्ट देख सकते हैं। पुष्पक इंटीरियो में काजरिया ग्रुप के केरोविट कंपनी की नल फिटिंग एवं सेनेटरी गैलरी और साउथ इंडिया का नंबर वन ब्रांड केएजी की गैलरी भी खुला है जिसमें टाइल्स सेनेटरी एवं नल फिटिंग की पूरी रेंज उपलब्ध है। फिनोलेक्स कंपनी की पाइप फिटिंग एवं भारत के सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी केलविन की पाइप फिटिंग जो यू एस की ब्रांड अप्रूवल करने का मार्च एनएसएफ अप्रूव है वह भी उपलब्ध है। संचालक परशराम रमानी ने ग्राहकों से एक बार पुष्पक इंटीरियो पधारने का आग्रह किया है।

# डीपीएस बालको में वार्षिक समारोह




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको दिल्ली पब्लिक स्कूल ने अपना 13वाँ वार्षिक समारोह अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया। जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों का मनमोहक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रदर्शन भारत की विविधता का सुंदर प्रतिबिंब थे। छेरछेरा, हरेली, पोंगल, बिहू और बैसाखी जैसे विभिन्न फसल त्योहारों पर आधारित आकर्षक नृत्य और प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पुराणों से प्रेरित नाटक 'भक्त प्रहलाद' दर्शकों की विशेष पसंद रही। वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए डीपीएस बालको के प्राचार्य कैलाश पवार ने कहा कि हमनें इस वर्ष शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हमारी एनसीसी यूनिट का पूर्ण रूप से सक्रिय होना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभावना को मजबूत कर रहा है। बच्चों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जो उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उसने विद्यालय, अभिभावकों और बालको सभी का सम्मान बढ़ाया है। हमारे सभी शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर समर्पित हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र छात्राएं तथा उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

विकास सिंह, उम्र लगभग 48 वर्ष पिता स्व.उमा शंकर सिंह निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको कोरबा (छग) एवं अनिंद कुमार सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष पिता स्व. उमा शंकर सिंह निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको नगर कोरबा (छग) के होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करते है :-

01. यह की दिनांक 01.01.2020 को विवेक सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पिता श्री स्व. उमा शंकर सिंह, निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको कोरबा (छ ग), को फर्म विवेक कंस्ट्रक्शन पता C-17, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बालको नगर कोरबा जिला कोरबा छग में भागीदारी फर्म बनाया गया है।

02. यह की, उक्त फर्म से उमा शंकर सिंह के स्वर्गवास उपरांत दिनांक 01.04. 2024 को निष्पादित सप्लिमेंट्री पार्टनरशिप डीड के माध्यम से रिटायर हो गए है तथा उमाशंकर सिंह द्वारा फर्म से निकलते समय अपने साथ फर्म की कोई भी चल एवं अचल सम्पति साथ नहीं ले जाया गया है और न ही उन्हें कोई फर्म की चल एवं अचल सम्पति प्रदान किया गया है।

03. यह की यह शपथपत्र हमारे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निस्पादित किया गया है।

हम शपथकर्तागण यह सत्यापित करते है कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 तक की जानकारी सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
संगीता गुरु गोस्वामी
आनंद कुमार सिंह

**आम सूचना**

यह कि मेरे पक्षकार के द्वारा अपने परिवारिक उलझनों एवं परेशानियों से व्यथित व परेशान हो कर मानसिक असंतुलन की स्थिति में अपने एसईसीएल के विभागीय सेवानृवित्ति के पश्चात प्राप्त होने वाली समस्त विभागीय उपादान की राशियों जिसमें CMPF, GPF, ग्रेच्युटी एवं अपनी अन्य समस्त आस्तियों के संबंध में उसके परिवार को प्राप्त होने वाली आधी राशि में से शेष बची हुई समस्त राशियों जो उसे उपादान में विभाग से सेवानिवृत्ति के पश्चात प्राप्त होनी है उसे आपके संस्था दयाधाम आश्रम पंडरी, छूरी, गोपालपुर, मानिकपुरी पनिका समाज तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. को दान/वसीयतनामा/ अंतिम इच्छापत्र /इकरारग्रहिता ट्रस्ट जो आपकी संस्था है को प्रदाय करने हेतु एक विलेख निष्पादित किया गया है जिसे दिनांक 19.11.2025 के द्वारा अपने विधिक नोटिस /सूचना संबंधित पक्षकार को अपने स्वास्थ्य मस्तिष्कचित्त में अपने परिवार के नैतिक दायित्वों के निर्वहन करने के परिपालन में शून्य घोषित कर दिया गया है, निरष्त कर दिया गया है, विखंडित कर दिया गया है, संबंधित संस्था को उपयोग करने से निषेधित कर दिया गया है, तत्संबंध में संस्था द्वारा या किसी व्यक्ति के द्वारा मेरे पक्षकार के द्वारा पूर्व में लिखित विलेख के उपयोग करने पर मेरा पक्षकार अपराधिक प्रकरण संस्था/व्यक्ति के विरूद्ध करेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित व्यक्ति या संस्था की होगी।

सो सुचना जाने
राजीव कुमार श्रीवास
अधिवक्ता/नोटरी (पूर्व अभियोजन अधिकारी) अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कटघोरा निवास बांकीमोंगरा, रेस्ट हाउस चौक के पास, कुदरीपारा, वार्ड नंबर 15, पो. थाना बांकीमोंगरा तह.कटघोरा, जिला कोरबा (छग) पिन 495477
मो_9981083111

## खबर संक्षेप

### वीपीसीएल के रोमांचक मैचों ने जीता दर्शकों का दिल

**कोरबा।** विद्युत पावर क्रिकेट लीग (वीपीसीएल) के 16वें व 17वें मुकाबले 29 नवम्बर को खेले गए, जिसमें अंबिकापुर रीजन ने एक ही दिन में दो मैच खेले। दिन के पहले मुकाबले में बिलासपुर रीजन का सामना अंबिकापुर रीजन से हुआ, समयाभाव के कारण मैच 18–18 ओवर का रखा गया। टॉस जीतकर अंबिकापुर ने क्षेत्ररक्षण चुना। बिलासपुर के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन मध्य व अंतिम ओवरों में अंबिकापुर के गेंदबाजों ने रनगति पर लगाम कस दी। ओपनर टुकेश पाटनवार ने 63 (43) और विकास तिवारी ने 37 (42) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसके दम पर बिलासपुर रीजन ने 18 ओवर में 146/3 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अंबिकापुर रीजन को शुरुआती झटके लगे और बिलासपुर रीजन की कसी हुई गेंदबाजी ने रनगति नियंत्रित रखी। इसके बाद लोकनाथ नेताम और विवेक पैकरा की साझेदारी ने मैच को रोमांचक मोड़ दे दिया। लोकनाथ ने 39 (44) और विवेक पैकरा ने 62 (28) रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे अंबिकापुर ने 17.5 ओवर में 147/5 बनाकर मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस शानदार जीत में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए विवेक पैकरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एचटीपीएस कोरबा वेस्ट और अंबिकापुर रीजन की टीमें आमने–सामने थी। टॉस जीतकर अंबिकापुर ने बल्लेबाजी चुनी, लेकिन कोरबा वेस्ट के अनुशासित आक्रमण ने उन्हें उबरने का मौका नहीं दिया और पूरी टीम 20 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। अंबिकापुर के कप्तान महेंद्र नेताम ने 57 (43) रन बनाए।

### शंभू शरण के प्रवचनों ने बांधा आध्यात्मिक समा

**कोरबा।** पीली कोठी परिसर में 21 से 29 नवंबर तक आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शनिवार को समापन हुआ। श्रद्धा गुरुवर शंभू शरण लाटा के दिव्यवाणी से सजी इस कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन की अमृतमयी शिक्षाओं का श्रवण किया। कथा आयोजन में कोरबावासियों ने सक्रिय योगदान दिया जबकि मुख्य आयोजक के रूप में रितेश गुप्ता, कैलाश गुप्ता, दीपक अग्रवाल, आशीष बत्रा और महेश अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 9 दिनों तक चली कथा में संत लाटा ने अत्यंत सरल, मार्मिक और आध्यात्मिक शैली में राम जन्मोत्सव, सीता-विवाह, शिव-विवाह, पुष्पवाटिका प्रसंग, केवट संवाद, श्रवण कुमार, भरत चरित्र, सीता हरण, राम वनवास और शबरी प्रसंग का अद्भुत वर्णन किया। हर प्रसंग पर पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने बार-बार जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कथा का आनंद लिया। 9 दिनों तक पूरे कोरबा में भक्तिमय माहौल बना रहा। पीली कोठी परिसर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालु आते रहे और कथा श्रवण के साथ भक्ति-संगीत का आनंद लेते रहे।

### महिला की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर निवासी फूल कुमारी साहू उम्र 46 वर्ष पति गोविंदराम साहू की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि संभवतः महिला की मौत हृदयघात से हुई होगी।

### ग्राम पंचायत इरफ में ब्लॉक स्तरीय आयुष शिविर का हुआ आयोजन

**चैतमा।** आयुर्वेदिक औषधालय चैतमा एवं होमियोपैथिक आयुष चैतमा के द्वारा संयुक्त रूप में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत इरफ़ में आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं होमियोपैथी औषधि आयुष विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बी.पी., शुगर जांच कर दवाई वितरण किया गया। जांच कर सामान्य बीमारियों के साथ स्त्री रोग, बालरोग, वृद्धा अवस्था जनरोग, उदररोग मधुमेह, कर्ण, मुख, मनोरोग नशा रोग इत्यादि बीमारियों की जांच कर दवाई वितरण किया।

## कोयला मंत्रालय ने कोयले की खोज के लिए 18 निजी कंपनियों को किया शामिल

# सीएमपीडीआईएल का दबदबा खत्म, अब निजी कंपनियां भी करेंगी कोयले की खोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाईन का काम निजी कंपनियां भी करेंगी। कोयला मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 18 निजी कंपनियों को इसके लिए अधिकृत किया है। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआईएल) देश की एकमात्र सरकारी एजेंसी है जिसके द्वारा कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन किया जा रहा है। सीएमपीडीआईएल का गठन 1973 को किया गया था। केन्द्र सरकार ने अब इस क्षेत्र में निजी सेक्टर की भी एंट्री करा दी है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देशभर में कोयले की खोज में निजी कंपनियों को भी शामिल कर लिया है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खदानों के संचालन में तेजी लाना और उत्पादन को बढ़ाना है। सरकार ने कोयला तथा लिग्नाइट की खोज एवं अन्वेषण के लिए अधिकृत एजेंसियों की सूची का विस्तार करते हुए 18 नई संस्थाओं को इसमें शामिल करने की जानकारी दी। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे प्रावधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय गुणवत्ता परिषद-राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त निजी संस्थाओं को 26 नवंबर को मान्यता प्राप्त पूर्वेक्षण एजेंसियों के रूप में अधिसूचित किया गया है। इससे कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए 18 और एजेंसियां जुड़ जाएंगी, जिससे कोयला ब्लॉक आवंटियों को कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए इन एजेंसियों को नियुक्त करने में अधिक विकल्प मिलेगा। कोयला खदान के संचालन के लिए भूगर्भीय रिपोर्ट का अन्वेषण और तैयारी एक पूर्व शर्त है। इन अन्वेषण एजेंसियों के जुड़ने से लगभग 6 महीने का समय बचेगा, जो पहले एजेंसी द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में लगता था। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके, सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है। कोयला मंत्रालय ने कहा है कि उम्मीद है कि इस कदम से अन्वेषण की गति में काफी तेजी आएगी और खनन को जल्दी बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे संसाधन विकास में तेजी आएगी और देश के लिए कोयला और लिग्नाइट की उपलब्धता बढ़ेगी।


फाइल फोटो

### वर्ष 1973 में सीएमपीडीआई का हुआ था गठन

सीएमपीडीआई का गठन 1973 को हुआ था। सीएमपीडीआई ने भारत में सभी प्रकार के भू-भागों तथा भू-वैज्ञानिक संरचनाओं में उपलब्ध 1 हजार से अधिक कोयला गवेषण परियोजनाएं पूरी की है। इसके परिणामस्वरूप 95 बिलियन टन कोयला उपलब्ध हुआ है। सीएमपीडीआई ने अपनी सेवाओं का विस्तार मैगनीज, लौह अयस्क (आयरन ओर) रॉक फास्फेट तक किया है। इसने तंजानियां में भी गवेषण का कार्य किया है। सीएमपीडीआई देश के सात राज्यों में फैले 18 ड्रिलिंग कैम्पों तथा आउट सोर्सिंग के माध्यम से 5 लाख मी. ड्रिलिंग करता है। सीएमपीडीआई का आईपीओ भी जल्द आ रहा है।

### इन कंपनियों को किया गया शामिल

- इंडियन माइन प्लानर्स एंड कंसल्टेंट्स, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- मैट्रिक्स माइनिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा
- यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- माहेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- प्राकृतिक संसाधन प्रभाग – टाटा स्टील लिमिटेड, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड
- माइनिंग एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, बर्दवान, पश्चिम बंगाल
- जेम्को काटी एक्सप्लोरेशन पी लिमिटेड, चंद्रपुर,
- साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा
- जियो टेक्निकल माइनिंग सॉल्यूशंस, धर्मपुरी, तमिलनाडु
- नोबोमाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पूर्वी खासी पहाड़ियाँ, मेघालय
- सुरमाइन कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
- कार्तिकय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर, महाराष्ट्र
- माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात
- जेम्स प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची, झारखंड
- रेवल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात
- जीएमएमसीओ टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना
- सिनर्जी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर, महाराष्ट्र
- एपीसी ड्रिलिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नम्माकल, तमिलनाडु

# ट्रेलर ने अचानक मारा ब्रेक, पीछे जा घुसी ट्रांसफार्मर लोड पिकअप


घटनास्थल में लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग के अधीन संचालित होने वाली एक पिकअप बिलासपुर से ट्रांसफार्मर लेकर कटघोरा आ रही थी कि तेज रफ्तार पिकअप के सामने जा रही ट्रेलर ने अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे पीछे से आ रही पिकअप सीधे टेलर से जा टकराई। टक्कर कितनी जबरदस्ती थी कि पिकअप वाहन के पर खर्च उड़ गए और पिकअप वाहन में सवार एक युवक की मौत हो गई है जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मामले में अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीएन 3345 का चालक राजेंद्र सिदार अपने पिकअप में ट्रांसफार्मर लेने के लिए बिलासपुर गया हुआ था। बिलासपुर से ट्रांसफार्मर लोडकर वापस लौट रहा था कि शुक्रवार की देर शाम चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुईंचुआ नाका के पास पहुंचा था कि सामने जा रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक नेशनल हाईवे पर अचानक ब्रेक लगा दी जिससे पीछे से जा रही ट्रांसफार्मर लोड पिकअप का चालक अनियंत्रित हो गया और अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और सीधे पिकअप ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के सामने का परखच्चे उड़ गया। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल दोनों चालकों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां राजेंद्र सिदार की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


क्षतिग्रस्त पिकअप।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम घुईचुआं नाका के समीप हुआ हादसा

# सर्व यादव समाज ने किया कबड्डी खिलाड़ी संजू का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्व यादव समाज के तत्वाधान में यादव समाज के गौरव एवं अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कु, संजू देवी यादव का इंटक कार्यालय एचटीपीएस दर्री कोरबा पश्चिम में जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव के नेतृत्व में शॉल एवं गुलदस्ता से भव्य स्वागत किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्य भारत के मान बढ़ाने के लिए एवं ग्राम केराकछार से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचने के लिए तथा उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए। बहुत-बहुत बधाई शुभकामना देते हुए ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया गया। जिसमें महिला अध्यक्ष श्रीमती गीता यादव, श्रीमती शांति यादव, श्रीमती सुनीता यादव, विनोद यादव, सतीश यादव, सेद कुमार यादव, कमल नारायण यादव, भैयालाल यादव, शिव शंकर यादव, आसाराम यादव, गोपी यादव, भगत राम यादव, सोमेंद्र यादव, राम शंकर यादव, गोपाल यादव, सतीश यादव, जवाहर यादव, ताराचंद यादव एवं अन्य यादव बंधु उपस्थित थे।

# सामग्री खरीदी में गड़बड़ी तीन बीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज : सक्ती

**स्कूल शिक्षा विभाग की कार्रवाई**

स्वच्छता सामग्री खरीदी के मामले में अनियमितता बरतने वाले तीन बीईओ को निलंबित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर ने शिकायत की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की है।

जिला सक्ती में शासकीय विद्यालयों के लिए स्वच्छता सामग्री की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। कार्रवाई करते हुए तीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक शिक्षा, बिलासपुर संभाग की विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने मामले की शिकायत की थी। सक्ती जिले के अंतर्गत डभरा ,मालखरौदा और जैजैपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की अनियमितता को उजागर करते हुए शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच संयुक्त संचालक द्वारा की गई। जांच में नियमों की खुली अवहेलना, बिना भौतिक सत्यापन के खरीद और गुणवत्ताहीन सामग्री की आपूर्ति जैसे गंभीर तथ्य उजागर हुए। जांच में पाया गया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डभरा श्यामलाल वारे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जैजेपुर वी.के. सिदार और तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा टी.एस. जगत ने सरकारी विद्यालयों के लिए स्वच्छता सामग्री की खरीद में भण्डार क्रय नियमों, आदेश की शर्तों और गुणवत्ता मानकों का अनुपालन नहीं किया। न केवल भौतिक सत्यापन अनुपस्थित था बल्कि कम गुणवत्ता वाली सामग्री को अधिक कीमत में खरीदा गया, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुचने की पुष्टि हुई। जाच रिपोर्ट में पाई गई अनियमितताओं को गंभीर कदाचार मानते हुए शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तीनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर ने डभरा बीईओ श्यामलाल वारे, जैजैपुर बीईओ वी.के. सिदार और मालखरौदा के तत्कालीन बीईओ टी.एस. जगत के निलंबन का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सक्ती निर्धारित किया गया है। शासन ने स्पष्ट कहा है कि अधिकारियों का यह आचरण सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत पाया गया। इस कार्रवाई को जिले के अन्य अधिकारियों के लिए एक सबक के रूप में देखा जा रहा है।




# गरीब व जरूरतमन्द लोगों को भोजन कराना पुण्य का कार्य : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से संबंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्यक्रम में नए कीर्तिमान गढे जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को हंगर एक्टिविटी के तहत नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड नं 15 में निवासरत करीब 450 गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को भोजन की सेवा दी गई। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा शुरू से ही गरीब व असहाय लोगों के सुख दुख के बारे में सोचा जाता रहा है। जिसके तहत आज छुरीनगर पंचायत में छुरी के ही जुझारू रही पूर्व पार्षद श्रीमति मधु अग्रवाल के आतिथ्य में यह आयोजन रखा गया है क्योंकि कहा गया है कि भूखे को अन्न प्यासे को पानी जिसे चरितार्थ करते हुए क्लब के द्वारा सभी गरीब व जरूरत मन्द लोगो को बैठाकर अपने हांथो से स्वयं भोजन कराया गया। बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती मधु अग्रवाल, पूर्व पार्षद नगर पंचायत छुरी ने बताया कि निश्चित ही गरीब व जरूरत मन्द नागरिकों को भोजन कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है क्योंकि अक्सर देखा गया है कि लोग भोजन को जूठा छोड़ देते हैं। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट पीआरओ एवं संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, विजय बाजपेयी, डॉ गोपाल गोस्वामी, मुकेश गुप्ता, सुधीर पाण्डेय, नंद देवांगन सहित नगर से उमेश जायसवाल, यतीश जायसवाल सहित सभी प्रबुद्धजनों एव सदस्यो का सहयोग सरहानीय रहा।



### ओएचई लाइन की चपेट में आए कर्मचारी की हुई मौत

**कोरबा।** कोरबा रेलवे स्टेशन के प्लेफॉर्म नंबर 1 के गेवरा छोर पर 24 नवंबर को एक दर्दनाक हादसा हुआ था। राहत वैन पर चढ़कर पेंटिंग कार्य कर रहा प्राइवेट कर्मचारी श्याम चौहान अचानक ओएचई लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। पहले उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से रेफर कर बिलासपुर बर्न एंड ट्रॉमा रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## हाइडल प्लांट को मात्र 3 घंटे ही किया जा रहा है संचालित

# बांगो बांध में 85 फ़ीसदी जलभराव, डिमांड पर बढ़ेगी हाईडल की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस साल बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश होने की वजह से बांगो बांध लबालब जिसकी वजह से बांगो बांध में 85 फ़ीसदी जल भराव है। रबी फसल के लिए इस साल किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा इसके लिए जनवरी महीने में बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। इस साल बारिश के दौरान बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार शुरुआती दिनों से ही बेहतर बारिश हुई थी और बारिश के साथ ही बहुत तेजी से बांगो बांध में जल भराव हुआ था जिसके चलते बांगो बांध के गेट खोलने पड़े थे और गेट खोलकर वाटर लेवल को मैनेज किया गया था। जिसके बाद गेट को पुरी तरह से बंद कर दिया गया था लेकिन एक बार फिर से गेट खोलने की नौबत आ गई थी और इस साल दो बार गेट खोलकर बांगो बांध का वाटर लेवल मैनेज किया गया था बारिश के अंतिम दिनों में भी बांगो बांध में बेहतर बारिश हुई थी जिसके चलते अभी मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 357.109 मीटर पानी भरा हुआ है जो जल भराव का 85 फ़ीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों में पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा में जल समिति की बैठक होगी और किसानों की डिमांड के अनुसार किसानों को इस साल रबी फसल के लिए भरपूर पानी दिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि जनवरी महीने के पहले सप्ताह में किसानों के लिए पानी छोड़ा जाएगा अभी मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को मात्र 3 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। बताया जाता है कि जनवरी महीने में बांगो बांध की रफ्तार 48 से 72 घंटे की जा सकती है और किसानों को दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से पानी छोड़ा जाएगा।


फाइल फोटो

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411